एकीकृत वार्षिक जिला योजना १९९१-९२

एवं

अष्टम् पंचवर्षीय योजना १९९०-९५

जनपद-कानपुर देहात

34233

कार्यालय अर्थ एवं संख्याधिकारी

कानपुर, देहात

अर्थ एवं संख्या प्रभाग

राज्य नियोजन संस्थान

उत्तर प्रदेश

-54233
309.26
UTT.A

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Administration
17-B, Sri Aurobindo Marg, New Delhi-110016
DOC. No. D-5906
Date....23-3-91.....

-: विषय सूची :-

=0=0=0=0=0

अध्याय संख्या	विषय	पृष्ठ संख्या
(1)	भूमिका	1-4
(2)	जनपद परिचय	5-8
(3)	अन्तर्जनपदीय एवं अन्तर्विकास खण्डीय विषमतायें	19-27
(4)	जिला योजना के उद्देश्य, रणनीति एवं प्राथमिकतायें	28-31
(5)	जिला योजना का वित्त पोषण	32-33
(6)	जनपद में चल रही विकास कार्यों का समालोचनात्मक मूल्यांकन एवं प्रस्तावित भावी कार्यक्रम	34-56
(7)	न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम	57
(8)	स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान	58-59
(9)	समस्यायें एवं सुझाव	60-62

-: तालिकायें:-

=0=0=0=0

(10)	जी.एन.-1 सेक्टरवार व्यय परिव्यय	1-4
(11)	जी.एन.-2 योजना व्यय परिव्यय:-	
(1)	कृषि	1-2
(2)	कृषि रक्षा	3-4
(3)	उद्यान	3-6
(4)	फलसंरक्षण	7-8
(5)	गन्ना विकास	9-10
(6)	लघु एवं सीमान्त कृषकों को सहायता	11-12
(7)	कृषि विपणन	11-12
(8)	भूमि एवं जल संरक्षण	13-14
(9)	पशुपालन	15-18
(10)	दुग्धशाला विकास	19-20
(11)	मत्स्य	21-22
(12)	वन विभाग	21-22

:::: अवशेष:::

क्रमांक	विषय/सेक्टर	पृष्ठ संख्या
॥13॥	सहकारिता	25-26
॥14॥	एकीकृत ग्राम्य विकास	27-28
॥15॥	जवाहर रोजगार योजना	27-28
॥16॥	भूमि सुधार	27-28
॥17॥	पंचायत राज	29-30
॥18॥	सामुदायिक विकास॥ग्राम्य विकास॥	31-32
॥19॥	निजी लघु सिंचाई	33-34
॥20॥	राजकीय लघु सिंचाई	33-34
॥21॥	विद्युत	35-36
॥22॥	उद्योग केन्द्र	37-38
॥23॥	हथकरघा	39-40
॥24॥	सड़क एंव पुल	41-42
॥25॥	पर्यटन	43-44
॥26॥	अर्थ एंव संख्या	43-44
॥27॥	प्राथमिक शिक्षा	45-50
॥28॥	माध्यमिक शिक्षा	51-56
॥29॥	प्रौढ़ शिक्षा	55-56
॥30॥	प्राविधिक शिक्षा	57-58
॥31॥	खेलकूद	57-58
॥32॥	युवाकल्याण	59-62
॥33॥	एलोपैथिक चिकित्सा	63-66
॥34॥	आयुर्वेदिक एंव यूनानी चिकित्सा	67-68
॥35॥	जल निगम	69-72
॥36॥	हरिजनपेयजल॥ग्राम्य विकास॥	73-74
॥37॥	पूल्ड आवास	75-76
॥38॥	आयोजनेत्तर भावन राजस्व	75-76
॥39॥	ग्रामीण आवास	75-76
॥40॥	सूचना	77-78

अवधेश:::

क्रमशः

क्रमांक	विभाग/ सेक्टर	पृष्ठ संख्या
(41)	अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ी - जाति कल्याण	79-82
(42)	शिल्पकार प्रशिक्षण	83-84
(43)	सेवायोजन	83-84
(44)	समाजकल्याण	85-86
(45)	पुष्टाहार	87-88
	:- जी0एन0-3 भौतिक लक्ष्य एवं उपलब्धि :- =0=0=0=0=0=0=0=0=0=0=0=0=0=0=0	
(1)	कृषि	1
(2)	कृषिरक्षा	1-2
(3)	उद्यान	2
(4)	फल संरक्षण	3
(5)	गन्ना	4
(6)	लघु एवं सीमान्त कृषकों को सहायता	5
(7)	कृषि-विपणन	5
(8)	भूमि एवं जल संरक्षण	6
(9)	पशुपालन	7-8
(10)	दुग्धशाला विकास	9-10
(11)	मत्स्य	10
(12)	वन	10
(13)	सहकारिता	11
(14)	जिला ग्राम्य विकास अभिकरण	12
(15)	भूमि सुधार	12
(16)	पंचायतीराज	12
(17)	सामुदायिक विकास(ग्रा0वि0)	13
(18)	निजी लघु सिंचाई	13

अवधेश::::

क्रमशः

क्रमांक	विभाग/ सेक्टर	पृष्ठ संख्या
§19§	राजकीय लघु सिंचाई	1ॻ-15
§20§	विद्युत	15
§21§	उद्योग/हथकरघा	16
§22§	लोक निर्माण विभाग	17
§23§	पर्यटन	18
§24§	अर्थ एंव संख्या	18
§25§	बेसिक शिक्षा	19-20
§26§	माध्यमिक शिक्षा	20-21
§27§	खेलकूद	22
§28§	युवाकल्याण	22-23
§29§	एलोपैथिक चिकित्सा	24-25
§30§	आयुर्वेदिक एंव यूनानी चिकित्सा	25
§31§	जल निगम	26
§32§	ग्राम्य विकास§पेयजल §	26
§33§	राजस्व § आयोजनेत्तर/ भवन	27
§34§	लोक निमार्ण विभाग§पुल्डआवास§	27
§35§	ग्राम्य विकास विभाग§ग्रामीण आवास§	27
§36§	सूचना	27
§37§	अनुसूचित जाति कल्याण	28
§38§	शिल्पकार प्रशिक्षण	28-29
§39§	सेवायोजन	29
§40§	सामाजिक सुरक्षा एंव कल्याण	30
§1§	जी•एन•-4जिलायोजनाका वित्त पोषण	1-5
§2§	सड़क एंव पुल के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य	1-21
§3§	आधार भूत आंकड़े	1-17

0000000000000000000000

000000000000000
00000
अवधेश::

अध्याय – 1
=x=x=x=x=x=

भूमिका
x=x=x=x=x=x

राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने देशवासियों के उन्नयन आर्थिक का लक्ष्य स्पष्ट है । स्वतंत्रता संग्राम में संलग्न रहते हुऐ भी राष्ट्रीय नेतृत्व में आर्थिक विकास का चिन्तन प्रारम्भ कर दिया था ।

1938 में पं०जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय नियोजन समिति का गठन हुआ जिसने देश के आर्थिक ढाचे को समाजवादी सिद्धान्त पर तैयार करने का सुझाव दिया था ।

1.02---- देश के आर्थिक विकास को नियोजित ढ़ग से प्रारम्भ किया जाने के लिये वर्ष 1951-52 से प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारम्भ किया गया । इसके बाद तीन वार्षिक योजनाओं के अतिरिक्त यह कार्य पंचम पंचवर्षीय योजना के दो वर्ष तक अर्थात वर्ष 1981-82 तक प्रदेश स्तर पर ही किया जाता रहा ।

1.03--- वर्ष 1981-82 में यह अनुभव किया गया कि जन सहयोग पर आधारित योजनाये ज्यादा स्थायी और प्रभावी होती है ।जनता की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए उसका सक्रिय योगदान आवश्यक है ।शासन द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एंव सहायता सुलभ करायी जानी चाहिये ।जनता की अवश्यकताओं का अनुभव करते हुए जिला स्तर परयोजनाओ की रूप रेखा तैयार की जाय तथा उनके कार्यान्वयन में स्थानीय अधिकारी एंव जन प्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त किया जाय जो जनता में स्वतः ही योजनाओं के प्रति लगाव उत्साह तथा उन्हे सफलतापूर्वक पूरा करने की भावना बलवती होगी ।

1.04--- नियोजन की प्रक्रिया में लगातार संशोधन और परिमार्जन होता रहा है । सीमित साधनों द्वारा सीमित साधनों के रहते हुए जनता की सेवाओं की बढती माँग को पूर्ण रूप से उपलब्ध कराया जाना कठिन है ।ऐसी स्थिति में जहां से अधिक दवाव पड़ता था वहाँ बिना गहराई से विचार किये किसी सेवा का उपलब्ध करा दिया जाना ही एक विकल्प था परन्तु इस तरह सेवा उपलब्ध कराया जाना एक नियोजित व्यवस्था का अंग नही था क्यों कि नियोजन की पूर्ण व्यवस्था प्रदेश तथा मुख्यालय तक ही सीमित थी नियोजन प्रक्रिया के अन्तर्गत यह अनुभव किया गया कि "नीचे से नियोजन" का अवसर प्रत्येक जनपद को सुलभ होना चाहिये।

1.05---- विभिन्न योजनाओं की प्रगति के मूल्यांकन द्वारा यह स्पष्ट हुआ कि प्रदेश से नियोजन का कार्य चलाये जाने पर इसमे क्षेत्रीय विषमताओं तथा बेरोजगारी एंवगरीबी की समस्यायें अलग-अलग क्षेत्रों को सामने उभार कर

आई यह भी अनुभव किया गया कि जो क्षेत्र काफी पिछड़े हुए तथा निर्धन थे उनकी अपेक्षा उन क्षेत्रों का जो काफी विकसित और खुशहाल क्षेत्र थे । और भी अधिक लाभ हुआ । असंतुलित विकास को देखते हुए उ0 प्र0 शासन द्वारा वर्ष 1982-83 से विकेन्द्रित नियोजन प्रणाली के अन्तर्गत क्षेत्र विशेष के लिये विभिन्न मानकों के आधार पर परिव्यय इंगित करके निर्धारित मार्ग निर्देशन के आधार पर जिले के अधिकारियों और जन-प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र की योजनाये तैयार करने की अपेक्षा की गयी है। जिला स्तर पर योजनाओं के निमार्ण एंव अनुश्रवण हेतु दो समितियों का गठन किया गया । प्रथम जिला योजना समन्वय एंव कार्यान्वियन समिति द्वितीय जिला नियोजन एंव अनुश्रवण समिति| विकेन्द्रित नियोजन प्रणाली के लागू किए जाने पर जिन मूलभूत राष्ट्रीय एंव राज्य स्तरीय सिद्वान्तों को ध्यान में रखे जाने की अपेक्षा की गई थी वे इस प्रकार है :-

1- विकास सामाजिक न्याय के साथ हो, इसके लिये विकास के प्रस्तावित कार्यक्रमों द्वारा रोजगार एंव विकास के अवसर विशेष रूप से समाज के पिछड़े हुए लोगों के लिए उपलब्ध हो सके ।

§2§--- जनपद के आर्थिक विकास के लिए स्थानीय, भौतिक तथा मानवीय संसाधनों का अधिकतम एंव सर्वोत्तम उपयोग हो, जिससे आय एंव रोजगार दोनों में वृद्वि हो सके ।

§3§----- भूमि, पशुधन, लघु एंव कुटीर उद्योग की उत्पादकता की वृद्वि हो सके इस प्रकार के कार्यक्रम से जो लाभ सम्भावित हो उसका अधिकांश भाग समाज के छोटे किसान, भूमिहीन कृषक, ग्रामीण कुटुम्बों को मिला ।

§4§----- राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम जिसमें §1§ प्राथमिक तथा प्रौढ़ शिक्षा§2§ ग्रामीण स्वास्थ्य एंव पेय जल §3§ ग्रामीण सड़के §4§ ग्रामीण विद्युतीकरण§5§ ग्रामीण निर्धनों हेतु आवास §6§ पर्यावरण सुधार §7§ पौष्टिक आहार सम्मलित है, की पूर्ति हो सके ।

§5§--- ऐसे सामाजिक तथा आर्थिक अवस्थापनाओं का निमार्ण किया जाय जिससे उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति हो सके ।

§6§---- अवस्थिति-अवस्थिति अवस्थापनाओं /संस्थाओं को इस प्रकार से पुनर्गठित किया जाय जिससे गरीबों के हितों की रक्षा हो सके ।

§7§ --- रोजगार के ऐसे अवसरों का सृजन किया जाय जिनसे भूमिहीनों व छोटे कृषकों आदि को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सके ।

§8§------रोजगार के अधिक अवसरों को उपलब्ध कराने के लिये दलित वर्ग, भूमिहीनों, ग्रामीण उद्यमियों की क्षमता को विभिन्न प्रशिक्षणों द्वारा विकसित किया जा सके ।

जिला योजना के वर्णित उक्त प्रधान उद्देश्यों, जनपद की अलग- अलग परिस्थितियों एंव समस्याओं के अनुकूल विशिष्ट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु

क्रमशः---3

योजना निर्धारित करके विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाय ।

1.07--- उपरोक्त उद्देश्यों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के विकास हेतु समस्त विकास विभागों की योजनाओं को निम्न तीन भागों में विभाजित किया गया है :-

1- राज्य सेक्टर: राज्य सेक्टर के कार्यक्रमों में ऐसे कार्यक्रम सम्मलित है जिनका लाभ किसी जनपद विशेष तक सीमित नहीं है । और जिनके परिव्यय को जनपदों के बीच विभाजित नहीं किया जा सकता है । राज्य सेक्टर की योजनाओं की संरचना का कार्य वर्तमान प्रणाली के अनुसार मुख्यालय में सम्बन्धित विभागों, संगठनों द्वारा किया जायेगा ।

2- जिला सेक्टर योजनाये: जिला सेक्टर के कार्यक्रमों में ऐसे कार्यक्रम सम्मलित किये गये है जिनका लाभ अथवा प्रभाव जनपद विशेष तक ही सीमित है अत: उनके परिव्यय को जनपदवार विभाजित किया जा सकता है । जिला सेक्टर की योजना संरचना का कार्य, जनपदों से सम्बन्धित समितियों से किया जायेगा ।

3- चिन्हित योजनाये : जिला सेक्टर योजनाओं के अन्तर्गत ऐसी भी कुछ योजनाये होंगी जिनपद सम्पूर्ण लक्ष्य केवल जनपदों तक ही न सीमित होकर व्यय का कुछ भाग मुख्यालय अथवा मण्डलों पर भी होगा । जिला योजना के लिये परिव्यय प्रदेश के कुल योजना परिव्यय का 30 प्रतिशत जिला सेक्टर योजनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला योजनाओं की संरचना के लिये आवंटित किया गया है शेष 70 प्रतिशत राज्य सेक्टर की योजनाओं के लिए रखा गया है जिलेवार परिव्यय आवंटन निम्न मानकों के आधार पर किया जाता है :-

	सूचकांक	प्रतिशत
1-	कुल जनसंख्या	50
2-	अनु0जाति0एवं जनजातिकी सं0	05
3-	सीमान्त कृषकों तथा भूमिहीन-मजदूरों की संख्या -	10
4-	कृषि उत्पादन में पिछड़ापन	05
5-	औद्योगिक पिछड़ापन	05
6-	सड़कों का पिछड़ापन	05
7-	विद्युतीकृत ग्रामों का पिछड़ापन	05
8-	अस्पतालों और शैयाओं की संख्या-का पिछड़ापन	05
9-	पेयजल अभाव ग्रस्त गाँव	05
10-	जनपदकी विशेष समस्या हेतु अथवा परियोजना में उत्पन्न असंगतियों को दूर करने हेतु आरक्षित धनराशि	05
		100

उपरोक्त आधार पर शासन से प्राप्त परिव्यय को विभिन्न विभागों की योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु आवंटन किया जाता है । तथा यह आवंटन जिला योजनाकार्यन्वयन एंव समन्वय समिति द्वारा किया जाता है ।

तदपरान्त माननीय प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित जिला नियोजन एंव अनुश्रवण समिति में इसका अनुमोदन कराया जाता है । इसके बाद मण्डलीय नियोजन समिति के अनुमोदन के उपरान्त जिला योजना शासन को प्रेषित कर दी जाती है ।

1.08--- जिला योजना की सार्थकता काफी है इससे जनपद विशेष के कुछ भागों मे विकास की किरणे पहुचाने में एंव क्षेत्रीय असंन्तुलन को कम करने में काफी सीमा तक लाभ हुआ है ।

जिला योजना प्रारम्भ के वर्ष 1982-83 में जिला योजनाओं के लिये परिव्यय जनपद कानपुर नगर एंव देहात के लिए संयुक्त रूप से 78950=00 हजार रूपये निधारित किया गया था जबकि वर्ष 1991-92 के लिए यह परिव्यय केवल जनपद कानपुर देहात के लिए202339.0 हजार रूपये रखा गया है ।

दोनों जनपद कानपुर नगर एंव कानपुर देहात के परिव्यय को सम्मलित कर लिया जाय तो कुल परिव्यय 304721.0 हजार रूपये है । जो कि योजना प्रारम्भ से लगभग 386.0 प्रतिशत वृद्धि हुई ।

0000000000000000000000
0000000000000000
000000000
0

अध्याय- 2

जनपद परिचय

2-§अ§ प्राकृतिक एंव भौगोलिक विशेषतायें :

2-§अ§-01 जनपद कानपुर देहात गंगा तथा यमुना के दो आब के निचले भाग में स्थिति है । इस जनपद की सीमाए प्रदेश के सात जनपदों फतेहपुर, हरदोई, फरूखाबाद, कानपुर नगर, इटावा, जालौन, एंव हमीरपुर से मिली हुई है इस जनपद के दक्षिण पूर्व में फतेहपुर जनपद, उत्तर पूर्व में कानपुर नगर जनपद उत्तर में हरदोई, उत्तर पश्चिम में फरूखाबाद, पश्चिम में जनपद इटावा दक्षिण पश्चिम में जिला जालौन एंव दक्षिण में जिला हमीरपुर, स्थित है ।जनपद के दक्षिण पूर्व में दक्षिण तथा पश्चिम की सीमा यमुना नदी द्वारा एंव उत्तर की सीमा गंगा नदी द्वारा निर्धारित होतीहै ।

2-§अ§-02 जनपद देश के अन्य भागों से रेल तथा सड़क मार्गों से जुड़ा हुआ है । जनपद कानपुर देहात से उत्तरी रेलवे, मध्य रेलवे तथा उत्तरी पूर्व रेलवे तीनों प्रकार से रेल मार्ग गुजरते है । उत्तरी रेलवे की प्रमुख रेल लाईन दिल्ली से मुगलसराय होते हुए कलकत्ता जाने वाली इस जनपद से हो कर गुजरती है ।इसके अतिरिक्त कानपुर देहात बड़ी एंव छोटी रेल लाईनों की ब्रांच लाईनों से कानपुर नगर, झासी, बांदा, फरूखाबाद, एटा, मथुरा, एंव आगरा लखनऊ जनपदों से जुड़ा हुआ है सड़क मार्ग से कानपुर देहात राष्ट्रीय मार्ग नम्बर 25 जो कि कानपुर नगर जनपद से झांसी को मिलाती है जुड़ा हुआ है । पेशावर से कलकत्ता जाने वाली ग्रांडट्रंक रोड भी कानपुर देहात के उत्तरी भाग से विकास खण्ड बिल्हौर तथा शिवराजपुर एंव चौबेपुर होती हुई गुजरती है । जनपद राष्ट्रीय मार्ग से प्रदेश की राजधानी लखनऊ से भी जुड़ा हुआ है । जनपद से मिला हुआ कानपुर नगर जनपद के महा नगर कानपुर में इण्डियन एयर लाईस का वायू अड्डा भी है जहाँ विमान सेवा की सुविधाये उपलब्ध है ।

2-§अ§-03 जनपद कानपुर देहात को भौगोलिक एंव प्रशासनिक दृष्टि से छः तहसीलों में क्रमशः घाटमपुर, भोगनीपुर, अकबरपुर, डेरापुर, तथा बिल्हौर, रसूलाबाद तहसील में विभक्त किया गयाहै ! इन तहसीलों में सम्मलित विकास खण्डों की स्थिति इस प्रकार है :-

1-	तहसील	विकास खण्ड का नाम
1-	घाटमपुर	§1§ घाटमपुर §2§ पतारा §3§ भीतरगाँव ।
2-	भोगनीपुर	§1§ अमरौधा §2§ राजपुर §3§ मलासा,
§3§	अकबरपुर	§1§ मैथा §2§ अकबरपुर§ §3§ सरवनखेड़ा ।

§4§	डेरापुर	§1§ डेरापुर §2§ झीझंक §3§ संदलपुर ।
§5§	बिल्हौर	§1§ चौबेपुर§2§ बिल्हौर §3§ ककंवन । 4. शिवराजपुर
§6§	रसूलाबाद	§1§ रसूलाबाद ।

2-§3§-04 प्राकृतिक एंव भौगोलिक दृष्टिकोण से जनपद को मोटेतौर पर तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है यह भाग तथा इनमें पड़ने वाले विकास खण्डों की स्थिति इस प्रकार है :-

	भाग	विकास खण्ड का नाम
1-	दक्षिण पश्चिमी भाग	1- घाटमपुर 2- अमरौधा 3- मलासा 4- राजपुर 5- सन्दलपुर 6- सरवनखेड़ा 7- भीतरगांव ।
2-	उत्तरी पश्चिमी भाग	1- ककंवन 2- रसूलाबाद 3 मैथा 4- झीझंक 5- डेरापुर ।
3-	पूर्वी भाग	1- पतारा 2- चौबेपुर 3- विल्हौर 4- अकबरपुर 5- शिवराजपुर ।

2-§3§-05 जनपद की भूमि दो आब की भूमि के साथ दोमट अल्यूवियल और इसका ढाल नदियों के बहाव को देखतेहुऐ उत्तर पश्चिम से दक्षिण पूर्व की ओर है । जनपद की भूमि की बनावट जनपद की नदियों से प्रभावित होने के कारण मुख्य रूप से पांच प्रकार की पाई जाती है । प्रत्येक प्रकार की भूमि की अपनी अपनी विशेषताए है । उत्तर में गंगा एंव ईशान नदी के मध्य का एक पतला टुकड़ा है । जो कि पतला-पतला पूर्वी भाग के अन्दर आता है और जिसकी मिट्टी लोम वर्ग की है परन्तु काफी उपजाऊ है दक्षिण पश्चिम भाग में अधिकांश भूमि बुन्देलखण्ड की क्षेत्र की भूमि की तरह पायी जाती है तथा यमुना नदी के किनारे की भूमि नीची ऊची बीहड़ो के समान पायी जाती है । उत्तरी पश्चिमी भाग रिन्द, पाण्डू एंव सेंगर नदियों के मध्य फैला हुआ है । इस सम्भाग में मटियार, दोमट एंव ऊसर भूमि पायी जाती है । सेंगर नदी के किनारे विकास खण्ड डेरापुर में बीहड़ एंव ऊंची नीची जमीन पायी जाती है ।पूर्वी भाग गंगा, पाण्डू एंव ईशान नदी के बीच का है । इसमें बलुई दोमट मटियार तथा कहीं-कहीं पर ऊसर भूमि पायी जाती है ।

2-§3§-06 जनपद की गंगा तथा यमुना दो बड़ी नदियां है । गंगा नदी के उत्तरी पूर्वी और पूर्वी सीमा पर तहसील विल्हौर यमुना नदी, तहसील भोगनीपुर तथा घाटमपुर में जनपद की सीमा पर बहती हैं । इसके अतिरिक्त जनपद में छः अन्य नदियां है जिनके नाम तथा उनकी जनपद के अन्दर लम्बाई इस प्रकार है :-

	नदी का नाम	लम्बाई किoमीo
1-	ईशान नदी	16 किoमीo
2-	दक्षिण लोन	26 किo मीo

3-	उत्तरी लोन	55 कि0 मी0
4-	सेंगर नदी	63 कि0 मी0
5-	पाण्डु नदी	30 कि0 मी0
6-	रिन्द नदी	115 कि0 मी0

जनपद की उपरोक्त नदियाँ जनपद की भूमि एंव बनस्पिति की दृष्टि से पाँच भागों में विभक्त करती है इसका उल्लेख पैरा 2.05 में किया जा चुका है ।

2-§अ§-ओ§ जनपद की औसत वर्षा 802 मि0मी0 प्रति वर्ष है वर्ष 1988 में वास्तविक वर्षा 792.0 मि0मी0 हुई ।

2-§अ§0 §- जनपद में भूगर्भ जल भी कुछ भागों में प्रचुर मात्रा में तथा कही- कही काफी गहराई पर पाया जाता है जनपद के दक्षिण भाग को छोड़कर अन्य भागों में भूगर्भ जल काफी मात्रा में उपलब्ध है । जिसका सिंचाई के लिये उपयोग किया जा सकता है भूगर्भ जल की उपलब्धता को देखते हुऐ ऐसी आशा की जाती है कि वर्तमान अल्प सिंचाई कार्यों की प्रगति को देखते हुए आगामी कई वर्षों तक भूगर्भ जल उपलब्ध होता रहेगा । दक्षिण भाग में जल उपलब्ध है किन्तु घाटमपुर, भीतरगांव, तथा डेरापुर में जमुना नदी के किनारे के ऐसे क्षेत्र है जहा 300 फुट तक गहराई की बोरिंग करने पर भूगर्भ जल प्राप्त हो पाता है। जनपद के दक्षिण पश्चिमी भाग में स्थिति विकास खण्ड घाटमपुर ,अमरौधा, राजपुर, मलासा, सरवनखेड़ा, संदलपुर, तथा भीतरगांव के अधिकतर भागों में सतह से जल स्तर की गहराई अधिक है । जिसके फलस्वरूप वहाँ अल्प सिंचाई साधनों की आवश्यकता सीमित मात्र में ही है । उत्तरी पश्चिमी भाग तथा पूर्वी मात्रा में जल स्तर की गहराई अधिक न होने के कारण व्यक्तिगत अल्प सिंचाई के साधनों की संख्या काफी है ।

2-§अ§C 0 जनपद में वर्ष 1987-88 में 5674 है0 भूमि बन विभाग के नियन्त्रण में है । जिसकी अधिकांश भाग में आम, जामुन, शीशम इमली अर्जुन यूकलिप्टस , पीपल, बरगद, पाखड़ , अमलतास, एंवढाक के पेड़ है । इन जगलों की लकड़ी प्रधानाईधन और इमारती लकड़ी के काम आती है । वनों में जंगली जानवरों के नाम पर भेड़िया जंगली सुअर नीलगाय, हिरन , लकडबग्घा खरगोश, लोमड़ी तथा गीदड़ आदि पाये जाते है चिडियों में तीतर, बटेर , आदि मिल जाते है ।

जनपद में खनिज के नाम पर कोई विशेष उल्लेखनीय पदार्थ नही है । लेकिन अच्छी मिटटी सुआ है जिससे अच्छी ईंट बनायी जाती है- गंगा तथा यमुना नदी के किनारे कही-कही बालू बहुतायत से उपलब्ध है । विकास खण्ड अमरौधा में यमुना नदी के किनारे मौरंग के भण्डार है ।

2-§3§-§2§ पशुधन की दृष्टि से वर्ष 1988 की जनगणना के अनुसार जनपद में गोवंशीय पशुधन 436833 पशु है । जिसमें 3 वर्ष से अधिक आयु की मादा गाय 151812 है इसी प्रकार महिष्य वंशीय पशु 331836 है । जिसमें भैंस 144300 है इसके अतिरिक्त भेड़ो की संख्या 41333 बकरा एंव बकरियों की संख्या 304985 सुअर 40622 एंव अन्य पशुओं की संख्या 37109 है । कुक्कुट की संख्या 74338 है ।

2-§3§-§2§ जनपद में भूमि उपयोगिता की दृष्टि से सामान्यत: मामूलीदोमट की मिट्टी पायी जाती है । घाटमपुर तथा भोगनीपुर तहसील का यमुना तटवर्ती दक्षिणी भाग में सिंचाई साधनों की वहा की स्थलाकृति के कारण कमी है बंजर भूमि काफी है । तहसील बिल्हौर व अकबरपुर में लगभग 20प्रतिशत क्षेत्र की भूमि लम्बे-लम्बे ऊसर पड़े होने के कारण बेकार है । इन भागों में जल तलहटी ऊंची है । तथा भूमि में क्षार पदार्थ अधिक है । जनपद के भूमि उपयोगिता के आकड़े इस प्रकार है :-

क्रसं0	क्षेत्रफल है0 1986-87	क्षेत्रफल है0 1987-88
1- भूमि उपयोगिता के लिये - प्रतिवेदित क्षेत्र:-	508702	508702
2- बन	6908	5674
3- ऊसर एंव कृषि के अयोग्यभूमि	46577	41911
4- कृषि के अतिरिक्त अन्य प्रयोजन में आने वाली भूमि	36675	37195
5- कृषि योग्य बंजर भूमि	12688	13367
6- स्थायी चारागाह तथा अन्य चराई की भूमि	824	716
7- अन्य वृक्षों झाड़ियों बाग की भूमि जो बोये गये क्षेत्र में शामिल नही है	6656	6444
8- कुल परिती भूमि §वर्तमान एंव अन्य §	38696	44423
9- शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल	360894	358972
10-एक बार से अधिक बोया गया क्षेत्रफल	126707	89672
11-संकल बोया गया क्षेत्र	487601	448644

2-अ-13 वर्ष 1985-86 की कृषि गणना के अनुसार जनपद कानपुर देहात में कृषि की संख्या एंव क्षेत्रफल की स्थिति जोतों के आकार के अनुसार इस प्रकार है ।

क्रमश:---9

जोतों का आकार	संख्या	क्षेत्रफल है0 §000§
1- एक हेक्टर तक	253822	87
2- एक से तीन के बीच	89227	152
3- तीन से पांच तक के बीच	17253	72
4- पांच है0तथा उससे अधिक	7513	62
योग:-	367815	373

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जनपद के 69 प्रतिशत कृषकों के पास एक है0 से कम जोत है । तथा ऐसे कृषकों के पास कुल जोतों की भूमि का 23 प्रतिशत क्षेत्रफल है । एक से तीन है0 तथा तीन है0 से पांच है0 तक जोतों वाले कृषक क्रमशः 24 तथा 5 प्रतिशत है पर इस प्रकार की जोतों में भूमि का क्रमशः 41 प्रतिशत तथा 19 प्रतिशत क्षेत्रफल आता है । पांच है0 तथा उससे अधिक भूमि वाले कृषक कुल 2 प्रतिशत है । इनके पास जोतों की कुल भूमि का 17 प्रतिशत क्षेत्र है । भूमि विवरण की इस विषमता का विवरण इससे और भी स्पष्ट हो जाता है कि एक ओर तो एक है0 वाले 60 प्रतिशत कृषक है जिसके पास 23 प्रतिशत क्षेत्रफल है और दूसरी ओर 5 है0 तथा उससे अधिक जोत वाले 2 प्रतिशत कृषक हैं जिनके पास 17 प्रतिशत क्षेत्र है ।

§ब§ जनसंख्या आदि से सम्बन्धित विवरण :-

2§ब§01 जनपद कानपुर देहात पहले जनपद कानपुर का ही अंग था वर्ष 1976 में यह जनपद प्रथम बार अलग घोषित किया जाने के बाद वर्ष 12.7.77 में इसे पुनः जनपद कानपुर में सम्मिलित कर लिया गया था । उसके उपरान्त पुनः यह जनपद 23.4.81 को बनाया गया । जनपद कानपुर को दो भागों में विभक्त करके दो जिले क्रमशः कानपुर नगर एंव कानपुर देहात सृजित किये । जनपद कानपुर देहात में पूर्व जनपद कानपुर की पांच तहसील रखी गयी ।

2§ब§02 जनपद कानपुर देहात छः तहसीलों , 17 विकास खण्डों 165 न्याय पंचायतों , 1317 ग्राम सभाओं एंव 1624 आबाद ग्रामों में बांटा हुआ है । जनपद में जिला परिषद व तीन नगर पालिकाएं तथा सात नगर क्षेत्र सिमितियां है ।

2§ब§03 वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार जनपद की कुल जनसंख्या 1791473 है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में 1702363 व्यक्ति तथा नगर क्षेत्र में 89110 व्यक्ति निवास करते है ।

क्रमशः----9

ग्रामीण क्षेत्रों की जनसंख्याये पुरूष 919307 तथा स्त्री 783056 है। कुल ग्रामीण जनसंख्या में अनुसूचित जाति /जनजाति का प्रतिशत पुरूषों की 225682 तथा स्त्रियों की संख्या 189658 है। कुल ग्रामीण जनसंख्या की अनु०जाति/जनजाति की संख्या 24 प्रतिशत है। पुरुष स्त्री का प्रतिशत क्रमशः 25 प्रतिशत तथा 24 प्रतिशत है नगर क्षेत्र में अनु० जाति० / जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 16 प्रतिशत है।

2§ब§04 वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार जनपद की कुल जनसंख्या में मुख्य कर्मकार 507269 की संख्या है जो कुल जनसंख्या का 28 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्र 13384 है मुख्य कर्मकारों में पुरूष 481647 तथा स्त्रियां 25622 है कुल कर्मकारों में स्त्री कर्मकारों का प्रतिशत केवल 5 है ग्रामीण क्षेत्र में यह प्रतिशत 26.1 है। मुख्य कर्मकारों का उद्योगानुसार आर्थिक वर्गीकरण इस प्रकार है।:-

क्रमांक	आर्थिक वर्गीकरण	1981 के आंकड़े	कुल मुख्य कर्मकारों में प्रतिशत
1	2	3	4
1-	कृषक	335456	66
2-	कृषि श्रमिक	102563	20
3-	घरेलू उद्योग	10151	2
4-	अन्य	59099	12
5-	योग	507269	100

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये आकड़ों से यह स्पष्ट होता है कुल मुख्य कर्मकारों में से 86 प्रतिशत कृषक एवं कृषि श्रमिक है जबकि शेष 14 प्रतिशत घरेलू उद्योग व अन्य उद्योग में कार्यरत है। कुल जनसंख्या में मुख्य कर्मकारों का प्रतिशत 28.3 प्रतिशत ही है इस प्रकार 71.7 प्रतिशत जनसंख्या अकर्मकारी §आश्रित§ है। जो कि कर्मकारों की आय पर आश्रित है।

2§ब§05 जनपद की जनसंख्या वृद्धि दर तीन दशकों का इस प्रकार है :-

वर्ष	जनसंख्या	गतदशक में वृद्धि का प्रतिशत
1961	1207075	22.8
1971	1470397	21.8
1981	1791473	21.8

§स§ आर्थिक कार्य कलाप :- जनपद के ग्रामीण अंचलों की अधिकांश जनसंख्या खेती तथा पशुपालन पर निर्भर करती है। जनपद में खनिज एवं वन सम्पदा न होने के कारण भी अधिकतर जनसंख्या कृषि एवं पशुपालन में लगी हुई है जनपद के आर्थिक कार्यकलापों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है :-

(1) प्राथमिक कार्यकलाप जिसके अन्तर्गत कृषि एवं पशुपालन आता है।

क्रमशः----10

॥2॥ गौण कार्यकलाप जिनके अन्तर्गत वृहद उद्योग, एवं ग्रामोद्योग आते है ।

2॥क॥ 1- प्राथमिक कार्यकलाप :- जिले में कृषि से उत्पादन पैदावार के वर्ष 1987-88 के मुख्य फसलों के आकड़े निम्न तालिका में दर्शाये जा रहे है तथा प्रति हेक्टेयर उपज के आकड़े भी दिये जा रहे है :-

फसल का नाम		क्षेत्रफल ह0 ह0	कुल उत्पादन (ह0मी0टन)	औसत उपज प्रति है0 (कि0 ग्रा0)
1-	गेहू	137	320	2337
2-	जौ	21	36	1711
3-	चना	60	53	891
4-	धान	50	65	1300
5-	ज्वार	29	35	119[illegible]
6-	मक्का	20	25	756
7-	बाजरा	17	14	835
8-	गन्ना	8	494	59269
9-	आलू	10	167	16860

2॥ख॥02 जनपद की अधिकतर ग्रामीण जनसंख्या कृषि पर आधारित होने तथा उनकी जोत छोटी-छोटी होने के कारण उनकी जीविका का पूर्ण साधन नहीं बन पाते है तथा कृषि में निरन्तर बारह महीने कार्य न मिल पाने के कारण उन्हें कम आय में ही गुजर बसर करना पड़ता है जोतों के आकार से सम्बन्धित निम्न तालिका कृषि आधारित आर्थिक कार्यकलापों का विवरण स्पष्ट करती है ।

जोतों का आकार	जोतों की कुल सं0	क्षेत्रफल ॥हे0मे0॥	आकार वार जोतों का कुल जोतों में प्रतिशत	आकारवार जोतों का कुल जोतों ॥क्षे0॥ से प्रतिशत
1	2	3	4	5
1-हेक्टर तक	253822	[illegible]87	69	23
2-हेक्टर से 3 हेक्टर	89227	152	24	41
3-3हेक्टर से 5 हेक्टर	17253	72	5	19
4- 5तथा उससे अधिक	7563	62	2	17
योग:-	367815	373	100	100

क्रमशः-----।।

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है जनपद में 69 प्रतिशत किसानों के पास 1 हेक्टर से कम भूमि है उनसे आधुनिक प्रकार की सघन खेती ... की आशा नहीं की जा सकती है । शेष 31 प्रतिशत किसानों में से 24 प्रतिशत किसान ऐसे है जिनके पास एक से 3 हेक्टर के बीच भूमि है इस प्रकार इस वर्ग के कृषकों को भी अपनी खेती से पूरा आर्थिक लाभ नहीं पाता है । जनपद के कुल कृषकों में से केवल सात प्रतिशत किसान ऐसे है । जिनके पास 3 हेक्टर से अधिक भूमि है इन कृषकों से यह अपेक्षा की जा सकती है कि वे आधुनिक कृषि विधियों का लाभ लागत अनुपात में इन्हे अपना सकते है ।

2§स§03 पंचवर्षीय योजनाओं में कृषि निवेशों पर अत्याधिक ध्यान कृषि पैदावार बढ़ाये जाने के लिये, दिये जाने पर कृषि पैदावार में वृद्धि हुई है । §1§ सिचाई साधनों में नहरों के अतिरिक्त जल योजनाये , राजकीय नलकूपों एंव निजी अल्प सिंचाई साधनों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है । राज्य सरकार द्वारा जब से नि:शुल्क बोरिंग की व्यवस्था लघु सिमान्त कृषकों के लिये की गई है यह सिंचाई का साधन काफी लोक प्रिय हुआ है । कृषि पैदावार के साथ-साथ- उसके विपणन की समस्या भी जुड़ी हुई है । जनपद में मन्डी अधिनियम के अन्तर्गत 7 मण्डीयों की स्थापना हो चुकी है । जिनमें कृषकों को अपने उत्पादन को बेचने में सहायता उपलब्ध कराई जाती है जनपद में 109 बाजार/हाट है जिनमें भी कृषक अपनी पैदावार का विक्रय करते है ।

पशुपालन
=======:- पशुपालन अभिजनन एंव दुग्ध उत्पादन विकास सम्बन्धी व्यवसायिक कार्य का क्षेत्र वहा पर उपलब्ध साधनों एंव विक्रय क्षमता पर निर्भर करता है जनपद मे 1988 की पशुगणना के अनुसार दूध देने वाली गायो गायों की संख्या 151812 तथा दूध देने वाली भैस 144800 इसके अतिरिक्त बकरा बकरियों 304985 थी §मुर्गे तथा मुर्गियों की संख्या 74338 थी । जनपद कानपुर देहात के मध्य में महानगर कानपुर है । इसके आसपास के विकास खण्डों में चौबेपुर , पतारा, मैथा, शिवराजपुर , अकबरपुर, सरवनखेड़ा , भीतरगांव, में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाकर इसका बाजार कानपुर कहा जा सकता है । जनपद में अण्डों की पूर्ति मुख्यत: केरल, हरियाना पंजाब से की जाती है । कानपुर में इसका बाजार उपलब्ध होने के कारण कुक्कुट पालन व्यवसाय भी कानपुर के आसपास के क्षेत्रों में काफी बड़े पैमाने पर चलाया जा सकता है । जनपद के विकास खण्ड पतारा, अमरौधा , शिवराजपुर, राजपुर, में जमुनापारी बकरियों के पालन की योजना वृहद स्तर पर चलाई जा सकती है ।

2॥स॥06 गौण आर्थिक कार्यकलाप:- जनपद कानपुर देहात पूर्व जनपद कानपुर का एक अंग है, कानपुर महानगर में कच्चे माल की आपूर्ति एंव विक्रय की सुविधायें उपलब्ध न होने के फलस्वरूप, औद्योगिकरण का कार्य महा नगर में ही सीमित रहा है। जनपद कानपुर देहात के बन जाने पर जनपद में कोई बड़े उद्योग नहीं थे। केवल परम्परागत उद्योग कुम्हारगीरी, लोहारगीरी, बढ़ईगीरी, तथा कुछ स्थानों पर चावल तथा दाल मिलें लगी हुई थी। औद्योगिक दृष्टि से जनपद पिछड़ा होने के कारण इसे "जीरो" जनपद भारत सरकार द्वारा घोषित किया था। जिसके फलस्वरूप अनुदान की सुविधा उद्यमियों को उपलब्ध कराई गई।
जनपद औद्योगिक दृष्टि से शून्य घोषित हो जाने के फलस्वरूप विकास खण्ड चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर, जी0टी0रोड पर अकबरपुर, पुखरायां, क्षेत्र में काफी उद्योग लगाये गये है, इन उद्योगों में सिल्क मिल ट्यूब तथा अन्य मशीनरी से सम्बन्धित इकाइयाँ स्थापित की गई है।

जनपद में विकास खण्डों चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर में आलू का उत्पादन अधिक होने के फलस्वरूप इन क्षेत्रों में 16 शीतगृह कार्य रत है। घाटमपुर में चीनी मिल की स्थापना की गई है। जो कि कार्य 1987-88 से कार्य प्रारम्भ कर दिया है। जनपद में धान के उत्पादन क्षेत्र अकबरपुर, झींझक, डेरापुर, रसूलाबाद में चीनी मिलें स्थापित है। तथा इन्हीं क्षेत्रों में दाल मिलें भी कार्यरत है। तहसील अकबरपुर में ग्राम रनियां में औद्योगिक आस्थान की स्थापना की गई है। जिसमें कई लघु उद्योग इकाइयों ने कार्य प्रारम्भ कर दिया है। जनपद के विकास खण्ड अमरौधा में धान मिल तथा मेटल इण्डस्ट्रीज कार्यरत है।

2-॥स॥07 जनपद में औद्योगिकीकरण की गति प्रदान करने के लिये जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से उद्यमियों को कच्चा माल प्राविधिक जानकारी क्रय विक्रय की जानकारी तथा योजना निमार्ण सम्बन्धी जानकारी दी जाती है। शासकीय योजना, एकीकृत ग्राम्य विकास योजना, स्वत: रोजगार तथा शिक्षित बेरोजगार योजना एंव ट्राइसम योजना के अन्तर्गत इच्छुक पात्र व्यक्तियों को प्रशिक्षण एंव ऋण अनुदान से साधन उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले परम्परागत व्यवसाय उद्योग गुड़ बनाना विधायन बढ़ईगीरी, चमड़े के जूते बनाना, मिट्टी के बरतन आदि कार्यों की ओर अधिक पैमाने पर सुव्यवस्थित ढंग से चलाने हेतु ऋण अनुदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

क्रमश: ---14

चार्ट टेबुल

विभिन्न साधनों से सिंचित क्षेत्रफल हेक्टेयर में !

क्रमांक	सिंचाईसाधन	सिंचित क्षेत्रफल हेक्टेयर में 1982-83	1987-88	वर्ष 1982-83 की अपेक्षा प्रतिशत कमी ।
1-	नहर	129235	98528	
2-	नलकूप	53378	71373	
3-	कुआं	1551	720	
4-	अन्य	2741	1338	
		188905	171959	(-19)

फसल चक्र

क्रमांक	नाम फसल	क्षेत्रफल हे0 1982-83	87-88	उत्पादन मी0टन में 82-83	87-88	प्रति हे0 उपज कु0 में 82-83	87-88
1	2	3	4	5	6	7	8
1-	धान	60807	49946	-	65206	14.10	13.06
2-	गेहू	146539	137105	-	320356	22.46	23.37
3-	जौ	18768	21321	-	36471	18.09	17.11
4-	ज्वार	24228	29170		34505	5.10	.83
5-	मक्का	20828	19711		14514	11.20	8.76
कुलधान्य योग		294723	257253	486158	471052		
दालें: प्रतिशत कमी		(-13प्रतिशत)			(-3) प्रतिशत		

क्र0सं0 नाम फसल	क्षेत्रफल हे0 1982-83	1987-88	उत्पादन मी0 टनों में 1982-83	1987-88	प्रति हे0 उपज0कुन्टल में 1982-83	1987-88
1- उर्द	9120	11361			2.54	4.14
2-मूंग	1674	1454			4.73	1.68
3-चना	62881	59982			11.56	8.91
4-अरहर	14011	15440			12.83	22.49
5-मटर	12808	14870			15.04	11.52
कुल दाले	101557	103107	113546	111190		
प्रतिशत वृद्धि/कमी	(+1.5)			(-2.1)		
कुल तिलहन	34864	34084	17485	20432	(+16.9प्रतिशत)	

क्रमशः --14

प्रति हैक्टेयर में उर्वरक प्रयोग कि०ग्रा०

	1982-83	1987-88	प्रतिशत वृद्धि / कमी
उर्वरक	61.000	21.200	- 65.2
दो फसली क्षेत्र	101859	89672	॥-॥ 12.0
फसल सघनता	128.8	125.0	

2.01 उपयुक्त आंकड़ों को देखने से यह स्पष्ट होता है कि सिंचाई साधनों में वृद्धि का प्रभाव शुद्ध क्षेत्रफल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है । वर्ष 1982-83 की अपेक्षा वर्ष 1987-88 में शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल में ॥-॥ 65.2 प्रतिशत कमी हुई है ।

2.02 सिंचन क्षेत्र में कमी का प्रभाव फसल पर भी पड़ा है । दो फसली क्षेत्रफल में वर्ष 1982-83 से 1987-88 में 12.0 प्रतिशत की कमी हुई है । दलहनी फसलों में क्षेत्र में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि तथा उत्पादन में 12.1 प्रतिशत की कमी हुई है । तिलहन के क्षेत्र में कुछ कमी हुई है परन्तु उत्पादन में 16.9 प्रतिशत वृद्धि हुई है । कृषकों में प्रति है0 उर्वर प्रयोग में काफी कमी आयी है । वर्ष 1982-83 से इसमें ॥-॥ 65.2 प्रतिशत कमी हुई है । फसल सघनता जो कि वर्ष 1982-83 में 128.8 थी घटकर 1987-88 में 125.0 हो गयी ।

2.03 जनपद औद्योगिक दृष्टि से जीरो जनपद घोषित कर दिये जाने के फलस्वरूप उद्योगों को मिलने वाले अनुदान से उद्यमियों को उद्योग लगाने हेतु प्रोत्साहित किया है । जिसके फलस्वरूप जनपद में काफी उद्योग स्थापित हुए है । तथा बड़े उद्योग में सहकारी चीनी मिल घाटमपुर प्रमुख है ।

भाग-2 पूर्व वर्षों में जनपद के विकास हेतु किये गये प्रयासों के आधार पर दृष्टि गोचित प्रविष्टियाँ :-

वर्ष 1981-82 से जन सहयोग पर आधारित योजना बनाने की प्रक्रिया का अनुभव किया गया । स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु जन प्रतिनिधियों के सहयोग से योजना बनाने का कार्य प्रारम्भ किया गया जिससे स्थानीय आवश्यकताओं का ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय विषमताओं पर विशेष बल दिया गया । वर्ष 1981-82 से निरन्तर विकेन्द्रित योजनायें बनायी जा रही है । स्थानीय संसाधनों एवं आवश्यकताओं के अनुसार जिले के लिये आवंटित धनराशि के अन्तर्गत योजनाओं की संरचना करना इसका मुख्य उद्देश्य है ।

विकेन्द्रित योजना में न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के राष्ट्रीय लक्ष्यों को योजना जनपद में भी कार्यान्वित किया गया जिससे जनपद के निवासियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। विकास की मुख्य मुख्य प्रविष्टियाँ निम्नवत है।

1- ग्रामीण सड़के :- योजना अवधि में पहले बड़े गावों को जिनकी आबादी 1500 तक है मुख्य मार्गों से लिंक रोड से जोड़ने का प्रयास किया गया। जनपद में प्रति हजार वर्ग कि0 मी0 पर 193 कि0मी0 पक्की सड़के है।

2- ग्रामीण विधुतीकरण :- ग्रामीण विधुतीकरण पर विशेष बल दिया गया जिसके फलस्वरूप जनपद में विधुतीकृत ग्रामों का कुल आबाद ग्रामों से 51.3 प्रतिशत हो गया है।

3- पेय जल :- वर्ष 1972 के सर्वेक्षण के अनुसार 50 समस्याग्रस्त ग्राम घोषित किये गये थे जिसमें पेयजल व्यवस्था कराई जा चुकी है वर्ष 1985 में किये गये सर्वेक्षण के अनुसार समस्याग्रस्त घोषित 352 ग्रामों में से वर्ष 1988 के अन्त तक 295 ग्रामों में पेयजल व्यवस्था कराई जा चुकी है। वर्ष 1988-89 में 25 ग्रामों को और लाभान्वित किया गया है। वर्ष 1988 के सर्वेक्षण के अनुसार 1146 और समस्या ग्रस्त ग्राम घोषित किये गये जिसमें से वर्ष 1988-89 में 146 ग्राम लाभान्वित किये गये है। वर्ष 1989-90 में 193 ग्राम के आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमें से 165 ग्रामों को पेय जल व्यवस्था उपलब्ध कराई जा चुकी है इसके अतिरिक्त 92 ग्रामों में नल लगा कर पेयजल सुविधा कराई गयी है।

4- ग्रामीण शिक्षा:- ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा की ओर विशेष बल दिया गया है जिसके फलस्वरूप जनपद में प्रति लाख जन संख्या पर जूनियर बेसिक स्कूल 73.8 तथा सीनियर बेसिक स्कूल 16.7 है।

5- आवास:- निर्बल एंव कमजोर वर्ग के लिये आवास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विगत वर्षों तक लगभग 8483 मकान बनाये जा चुके है।

6- जनस्वास्थ्य : ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा विस्तार पर विशेष बल दिया है। जनपद में एलोपैथिक चिकित्सा व औषधालय एंव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रति लाख जनसंख्या पर 0.7 है।

क्रमशः --- 16

7- पुष्टाहार :- ग्रामीण क्षेत्रों में धात्री माताओं, गर्भवती महिलाये एंव शिशुओं को पुष्टाहार उपलब्ध कराने कराने की योजना प्रारम्भ की गयी है। वर्ष 1990-91 में 833 लाख रूपये का प्राविधान किया गया है

इस प्रकार उपरोक्त योजनाओं का सिंहावलोकन करने से ज्ञात होता है कि विकेन्द्रित योजना के माध्यम से न्यूनतम आवश्यकता कार्य का संचालन किया गया है। जिससे ग्रामीण निवासियों को न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति होती है।

इसके अतिरिक्त कृषि क्षेत्र में उत्तम बीजों का प्रचार व उसके वितरण पर अधिक बल दिया गया है। लघु सिंचाई कार्यक्रम के अन्तर्गत छोटी छोटी सिंचाई योजनाओं के प्रारम्भ करने पर बल दिया गया है। सामाजिक वानिकीकरण, पशुपालन, मत्स्य पालन पर भी योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है।

भाग -3 सर्वांगीण विकास हेतु अवरोधक तत्व

जनपद कानपुर देहात की उत्पत्ति वर्ष 1981 में किया गया जिससे कि विकास की गति को जनपद के दूरस्त अंचलों तक पहुचाया जा सके तथा पिछड़े हुए क्षेत्र में त्वरित विकास की गति लाई जा सके। किन्तु लगभग 10 वर्ष व्यतीत हो जाने के पश्चात भी जनपद कानपुर देहात के मुख्यालय का सृजन नही किया गया है जिसके कारण योजना कार्य को कार्यान्वियन में कठिनाई उत्पन्न होती है। यह भी अनिश्चित है कि किसी भी विभाग का कार्यालय कहा बनाया जाय। तथा उसके अनुसार ही योजना से सम्बन्धित अन्य कार्य सम्पादित किया जा सके।

जनपद कानपुर देहात का शतप्रतिशत क्षेत्र ग्रामीण है। इस कारण इसके विकास हेतु अवस्थापना सुविधा की बहुत आवश्यकता है। वर्तमान में सभी ग्राम मुख्य मार्ग की सड़कों से नही जुड़े है तथा अधिकांश ग्रामीण सड़के कच्ची है जिसके कारण आवागमन सुविधा की बहुत कमी है। वर्षा ऋतु में तो गावों में पहुचना दूभर हो जाता है। इस कारण गावों में बसे लोग सुविधा से वंचित रह जाते है। खनिज की दृष्टि से जनपद खनिज विहीन जनपद है। यद्यपि गंगा नदी की बालू एंव जमुना नदी की मौरम भवन निर्माण सामग्री के रूप में उपलब्ध है। जनपद में बन का क्षेत्रफल 6904 हेक्टर है जो कि कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 1.4 प्रतिशत है जिससे बन सम्पदा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नही हो पाती है।

क्रमशः----17

इसके अतिरिक्त पर्यावरण में असंतुलन रहता है जिससे सूखा एंव बाढ के प्रकोप की भी सम्भावना बनी रहती है ।

जनपद के दक्षिण पश्चिम भाग में मुख्यत: विकास खण्ड घाटमपुर , अमरौधा , राजपुर मलिता तथा डेरापुर में जल स्तर काफी गहराई पर मिलता है जिसके कारण पीने का पानी तथा सिंचाई हेतु पानी की सुविधा की कमी रहती है ।

वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार जनपद में साक्षर व्यक्तियों का प्रतिशत 34.7 जिसमें स्त्री 21.6 तथा पुरूष 45.9 प्रतिशत है । साक्षरता कम होने के कारण भी विकास के कार्यों को कार्यान्वयन में कठिनाई होती है ।

विकेन्द्रित योजना के अन्तर्गत जो धनराशि शासन द्वारा जनपद के लिये आवंटित की जाती है और विभिन्न विभागों से जो योजना प्रस्तुत की जाती है उसमें काफी कमी रहती है । क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाई गई योजनाये काफी अधिक धनराशि की होती है । जिससे विभिन्न योजनाओं की पूर्ति नही की जा सकती है । इस कारण विभागीय योजनाओं की कटौती करनी पड़ती है । अत: क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकेन्द्रित योजना के अन्तर्गत आवंटित धनराशि को बढ़ाई जानी चाहिये ।

क्रमश: ---19

अध्याय- 3

अन्तर्जनपदीय एवं अन्तर्विकास खण्डीय विषमतायें

संयुक्त जनपद कानपुर के उपलब्ध संकेतक की विवेचना प्रदेश के अन्य जनपदों से करने से ऐसा स्पष्ट होता है कि जनपद पोस्ट आफिस की सुविधाओं में प्रदेश में 56 वे स्थान पर है पशुधन एवं कुक्कुट की दृष्टि से जनपद 5वे स्थान पर है । कानपुर ऐसे महानगर में दूध एवं कुक्कुट उत्पादन की अच्छी खपत को देखते हुये इस ओर काफी प्रगति की जा सकती है । कानपुर महानगर में अण्डे की आपूर्ति हरियाणा एवं केरल प्रदेशों से की जाती है जबकि इस व्यवसाय को विशेष प्रोत्साहन देकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रसार किया जा सकता है हालांकि इस व्यसाय को अपनाने में जनपद के निवासियों की मानसिकता भी कुछ सीमा तक बाधक रही है । यदि ग्रामीणों को इस व्यवसाय में प्रशिक्षित करके योजना की आर्थिक सुदृणता के बारे में विशेष प्रयत्नों से परिचित कराया जाये तो इस ओर आशातीत सफलता प्राप्त हो सकती है । विभिन्न दृष्टि से जनपद की राज्य में क्या स्थिति है नीचे स्पष्ट किया जा सकता है ।

3.01- जनसंख्या:- संयुक्त जनपद में कानपुर महानगर होने के कारण नगरीय जनसंख्या की दृष्टि से जनपद राज्य में तीसरे स्थान पर आता है । जनसंख्या की घनत्व की दृष्टि से राज्य में कुल 8 ही ऐसे जनपद है जिनका घनत्व कानपुर से या तो बराबर है या अधिक है । मध्य क्षेत्र के नौ जनपदों में लखनऊ के बाद इसी का स्थान है । दशक §1971-81 § जनसंख्या वृद्धि में जनपद 29 वे, अनुसूचित जाति जनसंख्या में 25 वां स्थान तथा विकलांग जनसंख्या की दृष्टि से 32 वे स्थान पर है ।

3.02- जनसंख्या में मुख्य कर्मकार कृषक है जिसमें राज्य में नवे स्थान पर है । कृषि श्रमिक में 27वीं तथा घरेलू उद्योग धंधों में लगे व्यक्तियों की दृष्टि से जनपद राज्य मे 28 वे स्थान पर है । जनपद में कानपुर जैसी महान औद्योगिक नगरी होनेके कारण इसका प्रभाव जनसंख्या के वर्गीकरण पर पड़ा है । राज्य के मध्य क्षेत्र के नौ जिलों में लखनऊ को छोड़कर मुख्य कर्मकरों में कृषकों का प्रतिशत कम है । मध्य क्षेत्र एवं राज्य के क्रमशः प्रतिशत 64.40 एवं 58.66 की तुलना में जनपद का प्रतिशत 37.81 है । कृषि श्रमिकों का प्रतिशत पश्चिमी क्षेत्र के प्रतिशत 11.35 से 1.73 अधिक है । घरेलू उद्योग धन्धे, निर्माण एवं सुरक्षा में लगे-हुये कर्मकारों का प्रतिशत 2.79है जो मध्य क्षेत्र के औसत प्रतिशत 2.49 से कुछ ही अधिक है ।

क्रमशः---19

कानपुर जैसे महान औद्योगिक नगरी जहां बड़े - बड़े काफी उद्योग है उनसे सम्बन्धित सहायक उद्योगों को प्रोत्साहन देकर इस वर्गीकरण को और बढ़ाया जा सकता है ।

3.03- भूमि उपयोगिता:-
==================== जनपद वन क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य में 35वी स्थान पर है । पश्चिमी क्षेत्र के वर्ष 1983-84 के संकेतक की दृष्टि से क्षेत्र के औसत प्रतिशत 5.10को देखते हुए बहुत ही कम है जनपद कानपुर देहात में यमुना नदी एंव सेंगुर नदी के आस पास की ऊंची नीची भूमि में वृहद वृक्षारोपण कराये जाने के लिये काफी क्षेत्र उपलब्ध है । इसके अतिरिक्त सड़कों नहरों एंव रेल पटरियों के किनारे भी अभी वृक्षारोपण काफी कराया जा सकता है जनपद का शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल एंव प्रतिवेदित में राज्य में26 वां तथा कृषि होल्डिंग में लघु एंव सीमान्त कृषकों की स्थिति के अनुसार जनपद 29 वे स्थान पर है । परन्तु लघु सीमान्त कृषकों के पास भूमि की दृष्टि से जनपद राज्य में 30वे स्थान पर है । फसल सघनता की दृष्टि से जनपद 48 वे स्थान पर है जो यह स्वतः स्पष्ट करता है कि जनपद कृषि की दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है । जनपद औसत सीमान्त खेत की दृष्टि से राज्य में 7वे स्थान पर है जबकि फसल सघनता में काफी पिछड़ा हुआ है फसल सिंचाई साधनों एंव कृषि निवेशों के समय उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन भी बढ़ाया जा सकता है । व्यापारिक फसलों में जनपद 25 वे स्थान पर उर्वरक उपयोग में 29 वे तथा खाद्यान्न उत्पादन में जनपद राज्य में 12वे स्थान पर है । भूगर्भ जल की दृष्टिसे जनपद 27वे स्थान पर है । इससे स्पष्ट है कि जनपद में भूगर्भ जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है ।

3.03.1-
====== प्रति व्यक्ति खाद्यान्न उत्पादन में जनपद वर्ष 1986 -87 में 47 वे स्थान पर तथा पश्चिमी क्षेत्र में 8वां जनपद है । जहां प्रति व्यक्ति खाद्यान्न में जनपद की स्थिति अत्यन्त असंतोषजनक है । वही पर प्रति व्यक्ति दलहन उत्पादन में जनपद का राज्य में 9वा स्थान है वर्तमान मूल्यों पर जनपद की सकल राज्य वर्ष 1984-85 में प्रति हे0 शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल एंव प्रति व्यक्ति ग्रामीण में 16 वे स्थान पर है सिंचित क्षेत्र शुद्ध एंव सकल में जनपद राज्य में 29 स्थान पर है जिसको देखते हुये जनपद में सिंचाई की सुविधायें बढ़ाने की अवश्यकता है ।

3.04- पशुधन :-
============= पशुधन एंव कुक्कुट पालन की दृष्टि से जनपद काफी पिछड़ा हुआ है प्रतिवेदित क्षेत्रफल में प्रति हे0 भूमि पर पशुओं की संख्या के आधार पर जनपद राज्य में 36 वे, स्थान पर तथा 1000 जनसंख्या पर 55वे स्थान पर है । दूध देने वाले पशुओं की दृष्टि से जनपद 38 वे

क्रमशः---20

स्थान पर कुक्कुट पालन में कानपुर 55वें स्थान पर है उपरोक्त स्थिति से यह स्वतः स्पष्ट है कि जनपद में पशुपालन एंव कुक्कुट पालन व्यवसाय को बढ़ाने का प्रचुर क्षेत्र उपलब्ध है ।

3.05- उद्योग:-

पंजीकृत कारखानों में प्रति लाख जनसंख्या पर कर्मियों की स्थिति के अनुसार जनपद प्रथम है । जबकि श्रमिक वैल्यू ऐडेड में जनपद का स्थान 15वां है । विनिर्माण सेक्टर का शुद्ध उत्पाद कर्मियों तुल्यों पर जनपद की स्थिति 10वीं है । उपर्युक्त आंकड़े यद्यपि जनपद के औद्योगिकरण की एक अच्छी छवि प्रस्तुत करते है । परन्तु जनपद में कानपुर महा नगर में औद्योगिकरण सीमित होने के कारण इसके अन्य भागों में उद्योग धन्धों नही है । वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार घरेलू उद्योग धन्धों विनिर्माण एंव मरम्मत में लगे हुऐ कर्मकारों का प्रतिशत कुल मुख्य कर्म कारों से केवल 2.79 है।

3.06- विद्युत:-

ग्रामों के विद्युतीकरण की दृष्टि से जनपद का राज्य में पचासवां स्थान है । पम्प सेटों / नलकूपों के विद्युतीकरण की स्थिति के अनुसार जनपद 31 वां स्थान है । कुल उपभोग की गई विद्युत की स्थिति के अनुसार जनपद का स्थान प्रदेश में 35 वां है । प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग की दृष्टि से जनपद का प्रदेश में स्थान तृतीय नम्बर पर है । प्रति हेक्टेयर विद्युत उपभोग की दृष्टि से जनपद का स्थान 29 वां है । जनपद में 31-3.88 की स्थिति के अनुसार 530 हरिजन बस्तियों का विद्युतीकरण किया गया है । प्रति व्यक्ति विद्युत उपयोग की स्थिति को देखने से ऐसा आभास होता है कि जनपद की स्थिति बहुत ही अच्छी है किन्तु ग्रामों के विद्युतीकरण पम्पसेटों/ नलकूपों के ऊर्जा एंव कृषि कार्य में विद्युत उपभोग की दृष्टि से जनपद की स्थिति मध्य में है वहां तक ग्रामों के विद्युतीकरण की स्थिति को निम्न श्रेणी में रखा जायेगा । इसका केवल मुख्य एक कारण है कानपुर महा नगरी में विद्युत का केन्द्रीय करण कानपुर महा नगरी जनसंख्या उद्योग की दृष्टि से सर्व प्रथम नम्बर पर है । यहीं पर विद्युत केन्द्रित है इसी कारण प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग की दृष्टि से जनपद का प्रदेश में तृतीय नम्बर है । यदि महा नगर को अलग कर दिया जाय तब उक्त आंकड़ों का आंकलन किया जाय तो यह जनपद मध्य से नीचे की श्रेणी में आजायेगा ।

क्रमश:--21

3.07- शिक्षा :-

1981 की जनगणना के अनुसार साक्षरता प्रतिशत की दृष्टिकोण से जनपद का स्थान प्रदेश में प्रथम है । इसका मुख्य कारण कानपुर महानगरी है जिसकी जनसंख्या 16.. लाख है जिसमें 9.1 लाख जन संख्या साक्षर है । जो लगभग 55.3 प्रतिशत है यदि इस महा नगरी को अलग करके आंकलन किया जाय तो यह जनपद साक्षरता की दृष्टि कोण से प्रथम स्थान से हटकर मध्य से बहुत नीचे पहुंच जायेगा जनपद की ग्रामीण जनता का साक्षरता प्रतिशत लगभग 33 प्रतिशत है । इस प्रकार शिक्षा की दृष्टिकोण से ग्रामीण क्षेत्र पिछड़ा हुआ है । प्रति लाख जनसंख्या पर जू0 बे0 स्कूल सी0 बेसिक स्कूल हायर सेकेण्ड्री स्कूल एंव डिग्री कालेज की संख्या के आधार पर जनपद क्रमशः 41, 15, 25, एंव 39 का स्थान है । प्राइमरी शिक्षा की दृष्टि से जनपद की स्थिति ठीक नहीं है । सीनियर बेसिक स्कूल हायर सेकेन्ड्री स्कूल एंव डिग्री कालेज की दृष्टि से शिक्षा की स्थिति सन्तोषजनक प्रतीत होती है किन्तु एंसा नही है । क्योंकि यह सभी सुविधाये महानगरी में केन्द्रित है । ग्रामीण क्षेत्र शिक्षा की दृष्टिकोण से भी पिछड़ा हुआ है । ग्रामीण जनता के विद्यार्थियों को शिक्षा लेने बाहर की ओर भागना पडता है यहाँ तक कुछ प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र के बालकों का प्रवेश भी नही हो पाता है जो छात्र प्रवेश भी पा जाते है । उनके लिये शहरी शिक्षा बहुत ही महगी पड़ती है ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षक संस्थाओं के प्रसार की अति आवश्यकता है । डिग्री कक्षाओं के आधार और बच्चों का अनुपात30 है जो रीजन में द्वितीय स्तर का है ।

3.07- प्राविधिक शिक्षा:-

जनपद में आई0 टी0 आई0 की दो संस्थायें है, जिसमें प्रवेश क्षमता 2102 है । इसी प्रकार पोलीटेकनिक की संस्थायें जनपद में 5 है जिसमें प्रवेश क्षमता 571 की है । डिग्री स्तर की संस्थायें 5 है यह सब संस्थाये महानगरी के मुख्यालय पर उपलब्ध है । कानपुर देहात जनपद में एक पालीटेकिनिक खोलने का प्रस्ताव वर्ष 1987-88 में स्वीकृत हुआ है तथा एकऔद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पाटमपुर में सातवीं पंच वर्षीय योजना के प्रथम वर्ष में तथा एक बिल्हौर में वर्ष 87-88 में खोला गया है ।

3.08- चिकित्सा:-

जनवरी 1984 की स्थिति केअनुसार जनपद में प्रति लाख जनसंख्या पर एलोपैथिक चिकित्सालय/ औषधालय एंव बेड्स की संख्या 3.62 एंव 106.53 है जो पश्चिमी रीजन में लखनऊ के बाद दूसरे नम्बर पर है । इन्ही मदों की स्थिति प्रदेश में 14वी एंव 10वी है । अन्य सुविधाओं की तरह यह सुविधाये जिला मुख्यालय पर कानपुर महानगरी में केन्द्रित है ।

क्रमशः-----22

तथा ग्रामीण क्षेत्र अब भी इन सुविधाओं से काफी हद तक पिछड़ा हुआ है । यद्यपि शासन इस ओर विशेष रूप से जागरूक है । न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय नीति के अनुसार 30 हजार जनसंख्या पर प्रा0 स्वा0 केन्द्र खोले जा रहे है । इसके साथ ही साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो के उच्चीकृत किया जा रहा है । जिला सेक्टर योजना एंव राज्य सेक्टर योजनाओं के माध्यम से इन जनपद स्तरीय विषमताओं को दूर किया जा रहा है ।

3.09- बैंकिंग :-
========== जनपद में प्रति बैंक शाखा पर जनसंख्या 9.75 हजार है । तथा ऋण एंव जमाधान का अनुपात 65 है । इन दोनों उक्त मदों में या तो जनपद का स्थान देश में 60 वां तथा जीतरा है । प्रदेश की अच्छी श्रेणी में सुविधाओं की गणना की जाती है किन्तु यह अधिकांश सुविधा ये महानगरी मुख्यालय पर ही केन्द्रित है । महा नगरी की सुविधाओं की गणना से पृथक कर लिया जाये तो जनपद की स्थिति निम्न श्रेणी के अन्तर्गत आयेगी । यद्यपि शासन की नीति के अनुसार इधर वर्षों में बैंक शाखाओं का प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में बहुल्यतः से हुआ है । इसके अतिरिक्त जनपद में प्राथमिक कृषि ऋण समितियां 1876 , लैड डेवलपमेन्ट बैंक सहकारी क्रय विक्रय समितियां 7 तथा संयुक्त कृषि सहकारी समितियों की शाखायें 28 उपलब्ध है ।

3.010- संचार एंव परिवहन :-
========== वर्ष 1985-86 के अन्त में सम्मिलित जनपद कानपुर में प्रति लाख जनसंख्या पर टेलीग्राफ आफिस, टेलीफोन एंव डाकघरों की संख्या क्रमशः 0.43, 6240 एंव 11 थी । इन्ही उक्त सुविधाओं की स्थिति प्रदेश में 48 वी , तीसरी एंव 56वी है । इन सुविधाओं की दृष्टि से भी जनपद काफी पीछे की श्रेणी में है । टेलीफोन कनेक्शन की दृष्टि से जनपद का जो तीसरा नम्बर है ।उसका मुख्य कारण महानगरी कानपुर है । जहा पर टेलीफोन कनेक्शन का जाल बिछा हुआ है यह सुविधा केन्द्रित है । कानपुर महा नगरी एक उद्योग एंव व्यापारी नगरी होने के कारण इस सुविधा का अधिक प्रसार होना स्वाभाविक भी है ।

3.10.2 -
======== जनपद में 1.4.88 की स्थिति के अनुसार रेलवे स्टेशन हाल्ट सहित 25 है । एक हजार वर्ग कि0 मी0 क्षेत्र पर रेलवे लाईन 147 . 12 कि0 मी0 पडती है । जनपद में100 वर्ग कि0 मी0 क्षेत्र पर पक्की सड़के 45.92 कि0 मी0 तथा एक लाख जनसंख्या पर पक्की सड़को की लम्बाई 75.79 कि0 मी0 आती है ।

सड़को की स्थिति उक्त दोनों वर्णित विवरणा के अनुसार प्रदेश में 24वी तथा 49 वी है । इस प्रकार समालोचनात्मक अध्ययन करने पर जनपद की स्थिति संचार एंव परिवहन की प्रदेश में अच्छी नही है जो मध्य से भी नीचे है ।

क्रमशः--23

3.11.01-
======== कोल्ड स्टोरेज की संख्या के आधार पर प्रदेश में जनपद की स्थिति 13 वीं है जिसमें मुख्य रूप से आलू का संग्रहण होता है। प्रदेश में कोल्डस्टोरेज की स्थिति अच्छी है। पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद का प्रभाव इस सुविधा की बढ़ोत्तरी में सीधे बढ़ा है। यह सुविधा मुख्य रूप से कानपुर महानगर एवं कानपुर से कन्नौज जाने वाले ग्रान्डट्रंक रोड पर केन्द्रित है।

3.11.02
========= जनपद प्रति लाख जनसंख्या पर 0.96 थाने आते है। यह संख्या लगभग प्रति लाख जनसंख्या पर एक आती है जो जनपद की स्थिति को देखते हुए कम है जनपद के पड़ोसी जनपद इटावा डकैतों का क्षेत्र है। जिससे इस जनपद की तहसील डेरापुर, पुखरायां एवं घाटमपुर सीधा प्रभावित होती है। थानों की संख्या में बढ़ोत्तरी की आवश्यकता है तभी जनपद की शान्ति एवं सुरक्षा में बल मिलेगा।

3.11.03
======== अभावग्रस्त ग्रामों में पेय जल सुविधा उपलब्ध कराये गये ग्रामों के प्रतिशत की दृष्टिकोण से जनपद का प्रदेश में चौथा स्थान है। अभावग्रस्त ग्रामों में से 53.91 प्रतिशत गावों में पेयजल सुविधा 31.3.87 तक उपलब्ध कराई जा चुकी है। पेयजल सुविधा के अभाव से मुख्य रूप से इस जनपद की तहसील घाटमपुर, पुखरायां एवं डेरापुर आती है शेष तहसीलों में यह समस्या नगण्य सी है।

3.11.04
========= जनपद में प्रति सिनेमा गृह 106.91 हजार जनसंख्या आती है। प्रदेश में इसका स्थान 11वां हैं जिसे अच्छी श्रेणी में गणना की जाती है। किन्तु यह सुविधा भी महानगरी कानपुर में केन्द्रित है।

3.11.05
======= जनपद में 31.3.88 की स्थिति के अनुसार 2423 गोबर गैस प्लान्ट लगाये गये थे। यद्यपि इधर दो वर्षों में इस कार्यक्रम में अच्छा कार्य हुआ है।

3.11.06
======= जनपद के सर्वांगीण विकास तथा जनपदीय एवं खण्ड स्तरीय विषमता को दूर करने के उद्देश्य से वर्ष 1982-83 से विकेन्द्रित नियोजन प्रणाली के अन्तर्गत जिला योजना संरचना एवं कार्यान्वयन कार्य प्रारम्भ किया गया। वर्ष 1990-91 के परिव्यय के अनुसार प्रति व्यक्ति 2.18 रू० का परिव्यय इस जनपद में पड़ता है इस आकलन के अनुसार जनपद का प्रदेश में 21वां स्थान है।

क्रमशः----24

विकास खण्डवार संकेतक का अध्ययन करते समय विभिन्न आर्थिक अवस्थापना, सामाजिक एंव जनसंख्या की दृष्टि से विकास खण्डों की स्थिति इस प्रकार है :-

I- आर्थिक कार्यकलाप :-

फसल संघनता की दृष्टिकोण से जनपद के विकास खण्ड शिवराजपुर, चौबेपुर, ककवन, सरवनखेड़ा, विल्हौर क्रमवार उच्च श्रेणी में आते है जबकि विकास खण्ड रसूलाबाद, डेरापुर, झींझक, संदलपुर, क्रमवार निम्न श्रेणी में आते है । इन विकासखण्डों में फसल सघनता निम्न श्रेणी के होने का मुख्य कारण यहा की भूमि समतल है । जिसमें सिंचाई के साधन कम उपलब्ध है । व्यापरिक फसलों के अन्तर्गत विकास खण्ड विल्हौर, देरापुर, संदलपुर , भीतरगांव, क्रम से उच्च श्रेणी में है । तथा विकास खण्ड सरवनखेड़ा ककवन, पतारा, घाटमपुर तथा चौबेपुर , क्रम से निम्न श्रेणी में आते है । प्रति है0 उर्वरक उपयोग के अन्तर्गत भीतरगांव , शिवराजपुर, संदलपुर, झींझक, तथा विल्हौर क्रमशः उच्च श्रेणी का है जबकि चौबेपुर, घाटमपुर , अमरौधा अकबरपुर उर्वरक उपयोग में निम्न श्रेणी का है । बोये गये क्षेत्रफल में शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल की दृष्टि से विकास खण्ड शिवराजपुर, विल्हौर सरवनखेड़ा ककवन तथा चौबेपुर क्रमशः उच्च श्रेणी में आते है । जबकि घाटमपुर , अमरौधा, संदलपुर , डेरापुर, तथा राजपुर क्रमशः निम्न श्रेणी में आते है । सकल बोये क्षेत्रफल में सकल सिंचित क्षेत्रफल की दृष्टि से विकास खण्ड शिवराजपुर , रसूलाबाद , सरवनखेड़ा, ककवन एंव भैथा, क्रमशः उच्च श्रेणी में आते है । जबकि शिविकास खण्ड घाटमपुर, अमरौधा, राजपुर, संदलपुर, तथा डेरापुर क्रमशः निम्न श्रेणी में आते है ।

प्रतिवेदित क्षेत्रफल में शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल की दृष्टि से विकास खण्ड संदलपुर, डेरापुर, झींझक, घाटमपुर , पतारा क्रमशः उच्च श्रेणी में तथा विकास खण्ड शिवराजपुर, ककवन , चौबेपुर, विल्हौर , तथा भैथा, क्रमशः निम्न श्रेणी में आते है । प्रति कृषक वार शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल की दृष्टि से जनपद के विकास खण्ड मलासा, घाटमपुर , अमरौधा संदलपुर, तथा डेरापुर क्रमशः उच्च श्रेणी में तथा शिवराजपुर, ककवन चौबेपुर, विल्हौर , भैथा, निम्न श्रेणी में आते है । इससे यह स्पष्ट होता है कि इन विकास खण्डों में से कृषकों की संख्या अन्य विकास खण्डों से अधिक है । प्रति व्यक्ति शुद्ध बोये गये क्षेत्रफल (ग्रामीण) की दृष्टि से घाटमपुर डेरापुर, संदलपुर, राजपुर तथा मलासा एक श्रेणी में आते है । जबकि अन्य 9 विकास खण्ड द्वितीय श्रेणी में आते है । इससे स्पष्ट होता है कि इस मद में जनपद में लगभग समानता है भूमि उपयोगिता के आकड़ों के आधार पर जनपद के विकास खण्ड ककवन शिवराजपुर चौबेपुर, झींझक , विल्हौर रसूलाबाद, डेरापुर तथा संदलपुर में बन पाये जाते है । उसर एंव

कल्चरेबुल वेस्ट की दृष्टि से जनपद के विकास खण्ड झींझक चौबेपुर शिवराजपुर रसूलाबाद, एंव मलासा उच्च श्रेणी में क्रमशः आते है। जबकि विकास खण्ड घाटमपुर, राजपुर, पतारा, भीतरगांव तथा अकबरपुर क्रमशः निम्न श्रेणी में आते है।

अवस्थापना सम्बन्धी सुविधायेः-

प्रति 100 वर्ग कि0 मी0 पक्की संघृत सड़कों की दृष्टि से जनपद के औसत 16.7 से विकास खण्ड सरवनखेड़ा एंव मलासा अत्यधिक पिछड़े हुए है। तथा विकास खण्ड पतारा, भीतरगांव अमरौधा, अकबरपुर, डेरापुर, झींझक संदलपुर, रसूलाबाद, अपेक्षाकृत कम पिछड़े हुऐ है। इसी प्रकार प्रतिलाख जनसंख्या पर पक्की संघृत सड़कों की लम्बाई की दृष्टि से जनपद के विकास खण्ड सरवनखेड़ा, मलासा, अत्यधिक पिछड़े हुऐ है तथा विकास खण्ड चौबेपुर, बिल्हौर तथा घाटमपुर अत्यधिक सम्पन्न है। विधुतीकृत ग्रामों की दृष्टि से जनपद के विकास खण्ड सरवनखेड़ा बिल्हौर अमरौधा, तथा घाटमपुर सम्पन्न है जबकि विकास खण्ड शिवराजपुर रसूलाबाद तथा चौबेपुर अत्यधिक पिछड़े हुऐ है। टेलीग्राफ की दृष्टि से जनपद के केवल 6 विकास खण्डों में ही सुविधाये उपलब्ध है। पोस्ट आफिस की सुविधाये विकास खण्ड भीतरगांव, सरवनखेड़ा तथा डेरापुर में अत्यधिक है जबकि विकास खण्ड झींझक, अमरौधा, एंव राजपुर में यह सुविधा बहुत ही कम है।

सामाजिक सेवाये :-

